भारत सरकार

रेल मंत्रालय

राज्य सभा

09.02.2024 के

अतारांकित प्रश्न सं. 943 का उत्तर

कोहरे के कारण प्रभावित हुई रेलगाड़ियाँ

943. श्री राम नाथ ठाकुरः

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) जनवरी 2024 में कोहरे, शीतलहर तथा कम दृश्यता के कारण भारतीय रेल की कितनी प्रतिशत रेलगाड़ियाँ प्रभावित हुई;

(ख) क्या यह समस्या तकरीबन हर वर्ष आती है; और

(ग) यदि हां, तो विगत पाँच वर्षो में इस स्थिति से निपटने के लिए किए गए उपायों का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

रेल, संचार एवं इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री

(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) से (ग): कोहरे के मौसम की स्थिति के कारण रेलगाड़ी सेवाओं का सामान्य परिचालन प्रभावित होता है। कोहरे के मौसम के दौरान, रेलगाड़ियों के सुरक्षित परिचालन के लिए कोहरा प्रोटोकॉल लागू किया जाता है, जो कभी-कभी रेलगाड़ियों की निर्धारित समय-सारणी को प्रभावित करता है। कोहरे के मौसम की स्थिति के दौरान रेलगाड़ी परिचालन में लोको पायलटों की सहायता करने के लिए ओएचई मास्ट पर रेट्रो-रिफ्लेक्टिव सिग्मा बोर्ड और आगे आने वाले सिगनलों, समपार फाटकों आदि के बारे में कर्मीदल को चेतवानी देने के लिए जीपीएस आधारित फॉग सेफ डिवाइस जैसे विभिन्न उपाय किए गए हैं। इस समय, रेलगाड़ी परिचालन के लिए 19742 अदद फॉग सेफ डिवाइस मुहैया कराए गए हैं।

****